दिन–शुक्रवार दिनांक– 19 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण–**टू प्वाईंट ओ** बच्चों, किशोरियों और गर्भवती माताओं के पोषण में सुधार के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का एक लेख साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से, देश भर में फैले आंगनवाड़ी केंद्रों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से लाखों लाभार्थियों को सहायता मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि ये योजनाएँ देश के लाखों बच्चों के भविष्य को आकार दे रही हैं।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापार सुगमता बढ़ाने में नवीनतम जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर लिखा एक लेख साझा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों और पैकेजिंग पर दरें कम होने से किराने का सामान ज़्यादा किफ़ायती हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही किसान सशक्त होंगे और भारत की वैश्विक खाद्य प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा।

———————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मशीनरी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि वे किसानों को ट्रैक्टर और अन्य खेती के उपकरणों पर बाईस सितंबर से जीएसटी छूट उपलब्ध करायें।

———————————————————

बिहार राज्य महिला आयोग आज अपना चौबीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। मुख्यमंत्री ने महिला आयोग की विशेष वेबसाइट को भी लांच किया। इस सुविधा के शुरू हो जाने से महिलाएं अपनी शिकायत आयोग में ऑनलाइन

कर सकती हैं। समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा भी मौजूद थीं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बिहटा में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, एसडीआरएफ परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक प्रशासनिक–सह–प्रशिक्षण भवन, आवासीय भवन और अन्य आधारभूत संरचनाओं का उद्घाटन किया। एसडीआरएफ की अत्याधुनिक सुविधाएं और उपकरण राज्य में आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करेगा। इससे प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप और अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप दो हजार पच्चीस की विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को आज पटना में सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षक और सहायक प्रशिक्षकों को दस–दस लाख रूपये और सपोर्टिंग स्टॉफ को पांच–पांच लाख रूपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करेंगे।

———————————————————

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज भारत ग्रुप–ए के अंतिम मुकाबले में ओमान के साथ खेलेगा। यह मैच रात आठ बजे से अबूधाबी में खेला जाएगा। आकाशवाणी, पटना से इस मैच का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय और लखीसराय जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पटना, सारण, शिवहर, मुजफ्फरपुर, जमुई और बांका जिले के कुछ भागों में आज अपराह्न साढ़े चार बजे तक मध्यम दर्जे की बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।